भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2628

सोमवार, 17 मार्च, 2025/26 फाल्गुन, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

स्वच्छता ही सेवा अभियान

2628. श्री मनीष जायसवालः

श्रीमती हिमाद्री सिंहः

श्री सुरेश कुमार कश्यपः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के मुख्य उद्देश्य क्या हैं;

(ख) इस अभियान से देश में विशेषकर हिमाचल प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ स्वच्छता को किस प्रकार जोड़ने की संभावना है; और

(ग) क्या उक्त पहल के अंतर्गत कुछ विशिष्ट विरासत स्थलों अथवा पर्यटन स्थलों में कोई महत्वपूर्ण सुधार देखा गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विशेषकर मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश की स्थिति क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) 2024 का प्रमुख उद्देश्य 'संपूर्ण समाज के प्रति दृष्टिकोण' के तहत तीन प्रमुख स्तंभों पर ध्यान केंद्रित करते हुए पूरे भारत में स्वच्छता के लिए मिलजुल कर कार्य करना और नागरिकों की सहभागिता की भावना को एक बार फिर से उत्पन्न करना था:

- स्वच्छता लक्ष्य इकाइयाँ (सीटीयू) - श्रमदान करने से संबंधित गतिविधियाँ, जिनका उद्देश्य लक्षित इकाइयों और सामान्य स्वच्छता में समयबद्ध रुप से सुधार करना है।
- स्वच्छता में जन भागीदारी - सार्वजनिक भागीदारी, जागरूकता और समर्थन को बढ़ावा देना।
- सफाई मित्र सुरक्षा शिविर - निवारक स्वास्थ्य जाँच कार्यक्रम आयोजित करना और सफाई कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना।

(ख) और (ग): पेयजल और स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय और आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों/अनुदेशों के अनुसार पर्यटन मंत्रालय प्रत्येक वर्ष स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) अभियान चलाता है।

पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को ये दिशा-निर्देश जारी किए जाते हैं। पर्यटन मंत्रालय अपने क्षेत्रीय कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों, जैसेकि, भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान (आईआईटीटीएम), केंद्रीय होटल प्रबंधन संस्थान, राज्य होटल प्रबंधन संस्थान और फूड क्राफ्ट संस्थान के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा के तहत स्वच्छता अभियान और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता है।

इस योजना में विभिन्न पर्यटन स्थलों और तीर्थ स्थलों पर स्वच्छता अभियान और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना शामिल हैं। स्वच्छता ही सेवा-2024 के दौरान, कुल 374 गतिविधियों/स्थलों को शामिल किया गया है, जिसमें मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश भी शामिल हैं। इन पहलों का उद्देश्य पूरे देश में स्वच्छता को बढ़ाना और सतत पर्यटन को बढ़ावा देना है।

प्रमुख सुधार: -

विभिन्न अभियानों और शैक्षिक कार्यक्रमों/जागरूकता के माध्यम से, स्वच्छता के महत्व और एकल उपयोग वाले प्लास्टिक के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में जन-जागरुकता को बढ़ावा देने के मामले में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

इन अभियानों से पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने में व्यापक सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा मिला है, जिससे पर्यटन के लिए सतत दृष्टिकोण को अधिकाधिक रुप से बढ़ावा मिला है।

****